वार्षिक आकलन – मार्च 2017
कक्षा– 7
विषय – गृह विज्ञान

अधिकतम अंक : 80 समय : 150 मिनट

निर्देश :

- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- प्रश्नों के अंक उनके सामने दर्शाए गए हैं।

1. चम्मच कितने प्रकार के होते हैं? 1
(क) दो (ख) पाँच
(ग) तीन (घ) छः

2. मुख्यतः बजट .... प्रकार के होते हैं। 1
(क) एक (ख) तीन
(ग) दो (घ) चार

3. ....प्राकृतिक जल का शुद्धतम रूप है। 1
(क) झरना (ख) नदी
(ग) तालाब (घ) वर्षा

4. खाने के चम्मच में .... ग्राम वस्तु आती है। 1
(क) 18 (ख) 10
(ग) 20 (घ) 15

5. किस विधि द्वारा जल को शुद्ध किया जा सकता है? 1
(क) उबालकर (ख) निथार कर
(ग) छानकर (घ) उपरोक्त सभी

6. ड्राफ्टिंग के लिए .... पेपर की आवश्यकता पड़ती है। 1
(क) ट्रेसिंग (ख) बटर
(ग) खाकी (घ) ड्राईंग

7. ....बुनाई में सहायक सामग्री नहीं है। 1
(क) ऊन (ख) सूई
(ग) सलाई (घ) फ्रेम

8. ....रेशमी वस्त्रों में चमक के लिए प्रयोग किया जाता है। 1
(क) सिरका (ख) नींबू का रस
(ग) टिनोपाल (घ) नील

9. विटामिन 'ए' की कमी से कौन–सा रोग हो जाता है? 1
(क) स्कर्वी (ख) रतौंथी
(ग) बेरी–बेरी (घ) रिकेट्स

10. ....कूड़े–कर्कट के निस्तारण की सर्वोतम विधि है। 1
(क) जलाना (ख) गाढना
(ग) समुंद्र में डालना (घ) खाद् बनाना

11. अच्छे कालीन में गाठें कितनी दूरी पर होनी चाहिए? 1

(क) 1 $\frac{4}{2}$ सेंटीमीटर (ख) 3 $\frac{1}{2}$ सेंटीमीटर

(ग) 2 $\frac{1}{2}$ सेंटीमीटर (घ) 5 $\frac{1}{2}$ सेंटीमीटर

12. रेयॉन .... तंतु है। 1

(क) कृत्रिम (ख) खनिज

(ग) वनस्पतिक (घ) प्राणिज

13. बुनाई में प्रयोग नहीं किया जाता हैः– 1

(क) ऊन (ख) बार्डर

(ग) सिलाईयाँ (घ) खाकी कागज

14. तापमान लेते समय थर्मामीटर मुँह में कितनी देर तक रखा जाता है? 1

(क) तीन मिनट (ख) चार मिनट

(ग) एक मिनट (घ) दो मिनट

15. रोगी का भोजन .... होना चाहिए। 1

(क) मसालेदार (ख) मीठा

(ग) फीका (घ) डॉक्टर परामर्श अनुसार

16. प्रोटीन प्राप्ति के चार स्रोत्रों के नाम लिखें। 2
17. शर्करा पर ताप का क्या प्रभाव पड़ता है? 2
18. भोजन पकाने की किन्हीं चार विधियों के नाम लिखें। 2
19. रसोई घर में उपलब्ध कोई चार मापक लिखें। 2
20. पारिवारिक बजट बनाने के कौन से दो लाभ हो सकते है? 2
21. शुद्ध व अशुद्ध जल के दो अन्तर लिखें। 2
22. कपास के तंतु की दो भौतिक विशेषताएँ क्या हैं? 2
23. प्रकाश प्राप्ति के साधन कौन–कौन से हैं? 2
24. कूड़ा के विभिन्न प्रकारों का संक्षिप्त वर्णन करो। 2
25. ड्राफ्टिंग में प्रयोग होने वाली सामग्री के नाम लिखो। 2
26. सब्जियों का सूप बनाने की विधि का वर्णन करें। 3
27. आहार आयोजन का महत्त्व स्पष्ट करो। 3
28. चावल के पुलाव बनाने की सामग्री व विधि लिखे। 3
29. घर की सजावट में कला के किन्हीं तीन मौलिक तत्त्वों का वर्णन करो। 3
30. वस्त्रों को धोने की आवश्यकता क्यों पड़ती है? 3
31. सेक कितने प्रकार की होती है? वर्णन करें। 3
32. स्वस्थ व्यक्ति व रोगी के भोजन में कोई तीन अन्तर बताएँ। 3
33. फूल व्यवस्था करते समय किन तीन बातों का ध्यान रखोगे। 3
34. घर की सजावट के किन्हीं तीन मूल सिद्धान्तों का वर्णन करें। 3
35. लेजी–डेजी टाँका बनाने की विधि लिखो। 3
36. क. एक अच्छी गृह परिचारिका के तीन गुण लिखो। 5

ख. रोगी के कमरे में प्रयोग होने वाले सामान की सूची बनाओ।

37. निम्न पर टीप्पणी लिखोः–

क. रुमाल के लिए आकर्षक नमूना बनाऐं। 5

ख. रोगी का बिस्तर लगाना

38. क. ऐसी तीन रासायनिक कीटाणुनाशक औषधियों का वर्णन करें, जो प्रायः घरों में प्रयोग की जाती हैं। 5

ख. थर्मामीटर का चित्र बनाएँ।